दैनिक भारत कि

# तामीर

संपादक - काझी मकदूम शफीउद्दीन hinditameer@gmail.com

Editor in chief- Qazi makhdoom shafiuddin

बीड (महाराष्ट्र) वर्ष-२ ला अंक-९७ वा मंगळवार १७ फ़रवरी २०२६ RNI TITLE CODE:MAHHIN11405/120/1/3/2024 किमत : २ रुपये पन्ने - ४

# अल्पसंख्यक वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए ठोस कदम उठाए जाएं

## अल्पसंख्यक दर्जा प्रमाणपत्र प्रकरण की गहन जांच कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश : उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार

जमीर काजी

**मुंबई । अल्पसंख्यक वर्ग के लिए निर्धारित निधि वास्तविक लाभार्थियों तक समान और पारदर्शी तरीके से पहुंचे तथा विभाग का कार्य अधिक जनहितकारी और जवाबदेह बने, इसके लिए गंभीर प्रयास किए जाएं। यह निर्देश उपमुख्यमंत्री एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री सुनेत्रा अजित पवार ने दिए। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालयों को गलत तरीके से अल्पसंख्यक दर्जा प्रमाणपत्र जारी किए जाने के मामलों की विस्तृत जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।**

सह्याद्री गेस्ट हाउस में उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा अजित पवार की अध्यक्षता में अल्पसंख्यक विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग के सचिव रुचेश जयवंशी, उपमुख्यमंत्री के सचिव डॉ. राजेश देशमुख, संयुक्त सचिव मनोज जाधव, उपसचिव एम.पी. शेनॉय, अवर सचिव सारंग कुमार पाटिल, अवर सचिव जहांगीर खान, अवर सचिव विशाखा आढ़ाव और अवर सचिव मेघना शिंदे उपस्थित थे।



बैठक में कहा गया कि राज्य के अल्पसंख्यक वर्गों की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक उन्नति के लिए सरकार प्रतिबद्ध है तथा दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार विभाग की प्रगति होनी चाहिए। सच्चर समिति की सिफारिशों के आधार पर २१ फरवरी २००८ को राज्य में अलग अल्पसंख्यक विकास विभाग की स्थापना की गई थी।

इस विभाग के माध्यम से शैक्षणिक छात्रवृत्ति, छात्रावास, मौलाना आज़ाद अल्पसंख्यक आर्थिक विकास निगम की ऋण योजनाएं, जैन इकोनॉमिक डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की प्रत्यक्ष ऋण एवं ब्याज प्रतिपूर्ति योजनाएं, स्वयं सहायता बचत समूह, कौशल विकास और बुनियादी ढांचा योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए गए।

▶▶पान ४ पे

# 'टीपू' को लेकर राज्यभर में कांग्रेस-भाजपा में सियासी जंग

## पुणे में कांग्रेस कार्यालय पर पथराव, कई घायल



जमीर काज़ी । मुंबई

टीपू सुल्तान को लेकर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल द्वारा दिए गए बयान के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में तीखा विवाद छिड़ गया है। सत्ताधारी भाजपा ने मुंबई, पुणे सहित राज्य के विभिन्न शहरों में विरोध प्रदर्शन, मोर्चे और आंदोलन आयोजित किए। वहीं कांग्रेस ने भी पलटवार करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा पूर्व में टीपू सुल्तान की प्रशंसा किए जाने, स्मारक और चौक के नामकरण संबंधी प्रस्तावों के प्रमाण पेश कर कथित दोहरे रवैये को उजागर करने का दावा किया।

पुणे में टकराव, पथराव की घटना

पुणे स्थित कांग्रेस भवन के बाहर भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों की ओर से जोरदार नारेबाजी हुई। आरोप है कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस ▶▶पान ४ पे

# बीड जिले के युवा बिल्डर्स पनवेल में जिले का नाम रोशन करेंगे-विधायक सुरेश धस

## पनवेल महाराष्ट्र का तेजी से विकसित होता शहर, ड्रीम घर बिल्डर फर्म का स्वागत-विधायक प्रशांत ठाकरे







पनवेल (तामीर न्यूज़): महाराष्ट्र में तेजी से विकसित हो रहे मुंबई के नज़दीकी शहर पनवेल में हाल ही में ड्रीम घर प्राइवेट लिमिटेड फर्म के कॉर्पोरेट कार्यालय का उद्घाटन विधायक प्रशांत ठाकरे के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में विधायक सुरेश धस भी उपस्थित थे।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सुरेश धस ने ड्रीम घर प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों को बधाई दी, जिनमें से अधिकांश का संबंध बीड जिले से है। उन्होंने कहा कि यह फर्म पनवेल ही नहीं बल्कि पूरे राज्य में बीड जिले का नाम रोशन करेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उत्तम गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय पर लोगों को उनके घर सुपुर्द किए जाएंगे और वे स्वयं भी इसकी निगरानी करेंगे। उन्होंने महाराष्ट्र राज्य और देश के विकास पर भी अपने विचार व्यक्त किए।

विधायक प्रशांत ठाकरे ने भी ड्रीम घर प्रोजेक्ट पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पनवेल आज विकास की ऊंचाइयों पर है। नई मुंबई का अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और रेलवे जंक्शन सहित अन्य सुविधाओं ने इसे राज्य में अग्रणी स्थान पर पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि ड्रीम घर फर्म के लिए यहां विकास के व्यापक अवसर मौजूद हैं और विधायक सुरेश धस जैसे वरिष्ठ जनप्रतिनिधि के समर्थकों की सहायता करना उनके लिए खुशी की बात होगी।

कार्यक्रम में निदेशक अनिल काथवटे ने भी संबोधित करते हुए प्रोजेक्ट की विस्तृत जानकारी दी और भरोसा दिलाया कि उनकी फर्म उच्च गुणवत्ता एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त फ्लैट उचित मूल्य में उपलब्ध कराएगी।

दूसरे निदेशक काज़ी रफी के परिवार सदस्य काज़ी मखदूम ने ▶▶पान ४ पे

# जबलपुर स्टेशन पर 'श्री विद्या समय शिखरजी यात्रा २०२६' का भव्य स्वागत

## प्लेटफार्म पर हुए भगवान आदिनाथ के दर्शन से यात्री हुए भावविभोर



जबलपुर/मुंबई(प्रतिनिधी :- वैभव कुमार जैन )

विद्या समय संस्कार सेवा फाउंडेशन, मुंबई द्वारा आयोजित 'श्री विद्या समय शिखरजी यात्रा २०२६' जब संस्कारधानी जबलपुर पहुँची, तो वहाँ भक्ति और श्रद्धा का एक अनुपम संगम देखने को मिला। १५ फरवरी को मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस से गणमान्य अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई यह ऐतिहासिक रेलगाड़ी जब जबलपुर जंक्शन के प्लेटफार्म क्रमांक ६ पर पहुँची, तो स्थानीय जैन समाज द्वारा इसका अभूतपूर्व स्वागत किया गया। स्टेशन पर प्रभु का विहार: एक ऐतिहासिक पल

इस यात्रा की सबसे गौरवशाली कड़ी तब देखने को मिली जब श्री दिगम्बर जैन संरक्षिणी सभा एवं श्री दिगम्बर जैन पंचायत सभा के पदाधिकारियों ने यात्रियों के दर्शनार्थ देवाधिदेव श्री आदिनाथ भगवान की प्रतिमा ससम्मान प्लेटफार्म पर विराजमान की। रेलवे स्टेशन के परिसर में भगवान की प्रतिमा का विहार और दर्शन पाकर १००८ यात्री गदगद हो गए। यात्रियों ने इस पुनीत कार्य के लिए स्थानीय सभाओं का हृदय से आभार व्यक्त किया।आयोजकों का सम्मानजबलपुर की दोनों सभाओं के पदाधिकारियों ने विद्या समय संस्कार सेवा फाउंडेशन मुम्बई के निदेशकों एवं सभी कार्यकर्ताओं का तिलक ▶▶पान ४ पे

# बीड शहर में खुली डीपी से १५ वर्षीय किशोर की मौत; आक्रोशित नागरिकों का सड़क जाम आंदोलन

## विधायक विजयसिंह पंडित के हस्तक्षेप के बाद मामला दर्ज करने का आश्वासन



काज़ी अमान । बीड

बीड शहर में बिजली वितरण कंपनी की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। शहर के कई इलाकों में विद्युत वितरण केंद्र (डीपी) खुले पड़े हैं, जिससे आम नागरिकों की जान को खतरा बना हुआ है। रविवार, १५ फरवरी की रात बालेपीर क्षेत्र के गोरे बस्ती में १५ वर्षीय किशोर शेख आवेज शेख परवेज की खुली डीपी के तार से चिपकने के कारण दर्दनाक मृत्यु हो गई। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि संबंधित डीपी लंबे समय से खुली अवस्था में थी और वहां की वायरिंग भी अत्यंत अव्यवस्थित थी। कई बार शिकायतें और निवेदन देने के बावजूद बिजली वितरण कंपनी ने इस ओर कोई गंभीरता नहीं दिखाई। इस लापरवाही के कारण एक मासूम की जान चली गई।

घटना के बाद नागरिकों ने दोषी बिजली वितरण कंपनी के खिलाफ तत्काल मामला दर्ज करने की मांग की। लेकिन कई घंटे बीत जाने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर सोमवार सुबह जागरूक नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क जाम आंदोलन शुरू कर दिया। मौके पर भारी पुलिस बंदोबस्त तैनात किया गया था।

बताया जा रहा है कि ▶▶पान ४ पे

## उर्दू दैनिक तामीर के २५ वो साल में क़दम रखने पर एक और पेशकश

# सातोना में भाईचारे की अनोखी मिसाल-विभिन्न समुदायों ने मिलकर की फ़याज़ मस्जिद का उद्घाटन




जालना । प्रतिनिधि

जालना ज़िले के गांव सातोना खुर्द में १४ फरवरी २०२६ (शनिवार) को धार्मिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की एक प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली। यहां हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मिलकर फ़याज़ मस्जिद के उद्घाटन समारोह में भाग लिया।

इस कार्यक्रम की सरपरस्ती मुफ़्ती मिर्ज़ा कलीम बेग नदवी (अध्यक्ष, जमीयत उलेमा अरशद मदनी मराठवाड़ा) ने की, जबकि अध्यक्षता हज़रत मौलाना नईमुल क़ासमी (नाज़िम, जामिया इस्लामिया मिन्हाजुल उलूम, रंजनी) ने की।

समारोह में हिंदू समाज के कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें राहुल भैया लोनीकर (अध्यक्ष, युवा मंच भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र), महेश भाई आकात (अध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी), विलास आकात (उपसरपंच, सातोना), डॉ. लाटे, परमेश्वर आकात (पूर्व सरपंच), सुवर्णके सेलू, रऊफ पठान, बाबू राठौर, बंडू मानोतकर, श्री लपने (सरपंच, शेल गांव), बाला साहेब आकात (सदस्य, कोशी बाजार समिति), कोंडी राम नाना आकात सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

राहुल लोनीकर ने अपने संबोधन में कहा कि सातोना में हिंदू-मुस्लिम हमेशा मिलजुल कर रहते हैं और यही आपसी सौहार्द आगे भी बना रहना चाहिए। उन्होंने मस्जिद निर्माण में योगदान देने वाले सैयद साहब कॉन्ट्रैक्टर को बधाई दी और इस कार्यक्रम में शामिल होकर खुशी जताई।

इससे पहले क़ारी अब्दुल रशीद हमीदी (उपाध्यक्ष, जमीयत उलेमा महाराष्ट्र) ने देश में शांति, सहिष्णुता, राष्ट्रीय एकता और आपसी भाईचारे की आवश्यकता पर प्रभावशाली वक्तव्य दिया।

अन्य वक्ताओं ने कहा कि इस क्षेत्र में हिंदू-मुस्लिम एकता का यह दृश्य अत्यंत हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि इस्लाम अमन और शांति का धर्म है, जो सहिष्णुता, राष्ट्रीय एकता और भाईचारे का संदेश देता है।

मुफ़्ती मिर्ज़ा कलीम बेग नदवी ने अपने विस्तृत संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में देश में शांति और सौहार्द का वातावरण बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जमीयत उलेमा हिंद का मूल संदेश भी अमन, भाईचारा और राष्ट्रीय एकता ही है। मस्जिद के उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में विभिन्न समुदायों की उपस्थिति देश के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।

महेश भाई आकात और विलास आकात ने अपने संदेश में कहा कि जब भी शांति और मानवता की बात हो, सभी को मिलकर आगे आना चाहिए। मौलाना नईमुल क़ासमी ने अध्यक्षीय भाषण में देश में अमन-चैन, भाईचारे और प्रगति की दुआ करने का आह्वान किया।

औरंगाबाद के मौलवी अबुल आला साहब ने मराठी भाषा में एक प्रभावी और सारगर्भित तक़रीर पेश की।

कार्यक्रम में मौलाना ख्वाजा सेलू, मौलाना सैयद नसरुल्लाह हुसैनी सुहैल नदवी (उपाध्यक्ष, जमीयत उलेमा मराठवाड़ा), मौलाना महबूब साहब (जिंतूर), मौलाना बिलाल साहब इशाअती, हाफ़िज़ अब्दुस्सलाम कुरैशी, मौलाना सैयद एहसान नदवी, मुफ़्ती सैयद नोमान हुसैनी नदवी सहित अनेक स्थानीय व बाहरी उलेमा, सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। पंडाल पूरी तरह भरा हुआ था।

कार्यक्रम से पूर्व सभी विशिष्ट अतिथियों का शाल और पुष्पों से स्वागत किया गया। हाजी सैयद शब्बीर (मालिक, सैयद पेट्रोल पंप) ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। संचालन का दायित्व मौलाना बिलाल साहब इशाअती ने कुशलतापूर्वक निभाया।

मस्जिद निर्माण में सैयद कंस्ट्रक्शन सातोना तथा पूर्व प्राचार्य सैयद सलीम साहब की विशेष भूमिका रही। स्थानीय युवाओं ने भी इसमें सक्रिय सहयोग दिया।

अंत में मौलाना नईमुल क़ासमी की दुआ के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ और उन्होंने ज़ुहर की नमाज़ की इमामत करते हुए मस्जिद का औपचारिक उद्घाटन किया।

# आज से शुरू हुई आरटीई प्रवेश प्रक्रिया

## जिले में २,४०० विद्यार्थियों को मिलेगा आरटीई के तहत मुफ्त प्रवेश-मनोज जाधव

बीड (प्रतिनिधि) - शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में २५ प्रतिशत आरक्षित सीटों के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया आज मंगलवार (१७ फरवरी) से शुरू हो गई है। इसके अनुसार, अभिभावक १० मार्च तक अपने बच्चों के आवेदन भर सकते हैं। यह जानकारी शिवसंग्राम के युवा नेता तथा आरटीई कार्यकर्ता मनोज जाधव ने दी है।

आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा अधिकार अधिनियम के अनुसार कक्षा पहली से आठवीं तक अंग्रेजी माध्यम की स्कूलों में मुफ्त शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इस वर्ष की प्रवेश प्रक्रिया के लिए ९ जनवरी से स्कूल पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हुई थी। समयसीमा बढ़ाने के साथ यह प्रक्रिया ३० जनवरी को बंद की गई। जिले में प्रवेश के लिए २१३ स्कूलों का पंजीकरण हुआ है और २,४०० सीटें उपलब्ध हैं। मंगलवार से वास्तविक प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो रही है, इसलिए पात्र अभिभावकों को समय पर अपने बच्चों के आवेदन जमा करने चाहिए, ऐसा मनोज जाधव ने अपील की है।

पोद्दार इंग्लिश स्कूल का अल्पसंख्यांक प्रमाणपत्र तुरंत रद्द किया जाए - मनोज जाधव



पोद्दार इंग्लिश स्कूल ने आरटीई प्रवेश से बचने के लिए अल्पसंख्यांक प्रमाणपत्र प्राप्त किया है और यह प्रमाणपत्र नियमों के बाहर तरीके से सरकार से दिया गया है, ऐसा आरोप लगाया जा रहा है। स्कूल शुरू होने के बाद आरटीई प्रवेश से बचने के लिए इस तरह प्रमाणपत्र देना गलत है, ऐसा मनोज जाधव ने अपना मत व्यक्त किया है।

इस संबंध में मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और शिक्षा निदेशक के पास औपचारिक शिकायत दर्ज की गई है और संबंधित स्कूल को दिए गए अल्पसंख्यांक प्रमाणपत्र को तुरंत रद्द करने की मांग मनोज जाधव ने की है।

इस वर्ष दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य

आरटीई प्रवेश के लिए कुछ अभिभावकों द्वारा दस्तावेजों में हेराफेरी के मामले पहले सामने आए थे। इसलिए इस वर्ष शिक्षा विभाग ने आवेदन भरते समय आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य कर दिया है।

महत्वपूर्ण सूचनाएं

आरटीई पोर्टल पर निवास स्थान से १ कि.मी. या उससे कम दूरी वाली स्कूलों की जानकारी दिखाई देगी।

एक से अधिक आवेदन भरने पर कोई भी आवेदन लॉटरी प्रक्रिया के लिए मान्य नहीं होगा।

अभिभावकों को कम से कम दस स्कूलों का चयन करना होगा।

केवल मैसेज पर निर्भर न रहें, पोर्टल पर दी गई सूचनाओं का पालन करें। गलत जानकारी देने पर किसी भी चरण पर प्रवेश रद्द किया जाएगा।

आवेदन भरते समय निवास स्थान का पता सटीक रूप से दर्ज करना आवश्यक है।

ये दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य

१) माता या पिता का आधार कार्ड

२) बच्चे का जन्म प्रमाणपत्र और निवास का प्रमाण

३) किराए के मकान में रहने वाले अभिभावकों के मामले में द्वितीयक निबंधक कार्यालय में पंजीकृत किराया समझौते की प्रति (सभी संबंधित वर्गों के लिए अनिवार्य)

४) सामाजिक वंचित वर्ग के लिए - अभिभावक/बच्चे का जाति प्रमाणपत्र और विकलांगता प्रमाणपत्र (अन्य राज्य का जाति प्रमाणपत्र मान्य नहीं होगा)

५) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए - अभिभावक का वार्षिक आय प्रमाणपत्र एक लाख रुपये से कम (साल २०२३-२४ या २०२४-२५ का प्रमाणपत्र मान्य)

# गेवराई में मल्टीस्टेट जमाकर्ताओं की बैठक; मुंबई मोर्चे में हजारों की संख्या में शामिल हों-प्रा.सचिन उबाले





गेवराई (काज़ी अमान) - बीड जिले में दिवालिया हो चुकी मल्टीस्टेट संस्थाओं में फंसे जमाकर्ताओं की लंबित मांगों को लेकर अब सीधे मुंबई में बड़ा आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। आगामी २४ फरवरी को मुंबई के आजाद मैदान में जमाकर्ताओं का विशाल मोर्चा निकाला जाएगा। इस संबंध में १५ फरवरी को गेवराई के पत्रकार भवन में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में संघर्ष कृती समिति के राज्य मुख्य संयोजक तथा स्वाभिमान संगठन के प्रा. सचिन उबाले ने जमाकर्ताओं को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ज्ञानराधा, जिजाऊ मासाहेब और छत्रपति मल्टीस्टेट मामलों में जमाकर्ताओं के करोड़ों रुपये फंसे हुए हैं।

जमाकर्ताओं की प्रमुख मांगों में जब्त की गई संपत्तियों की नीलामी की तारीख तुरंत घोषित करना, फॉरेंसिक ऑडिट शीघ्र कराना, ईडी द्वारा जब्त संपत्तियों को एमपीआईडी कानून के अंतर्गत शामिल करना तथा एडवोकेट उज्ज्वल निकम को शासन द्वारा जमाकर्ताओं का वकील नियुक्त करना शामिल है।

इन मांगों की पूर्ति के लिए मोर्चा निकालने की तैयारी के तहत शाखा स्तर पर बैठकें शुरू कर दी गई हैं। गेवराई में आयोजित बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर सैकड़ों जमाकर्ता उपस्थित थे।

बैठक में वरिष्ठ पत्रकार प्रा. राजेंद्र बरकसे, पत्रकार संघ के अध्यक्ष मधुकर तौर, वरिष्ठ सेवानिवृत्त प्रा. डी.के. फलके, धनंजय बेदरे, गेवराई जमाकर्ता कृती समिति के अध्यक्ष महादेव दाभाडे, प्रकाश आतकरे, अंकुशराव पाचपुते सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और जमाकर्ता उपस्थित रहे।

पान १ वरून

**बीड शहर में खुली डीपी से १५...**

बीड शहर में लगभग १० प्रतिशत डीपी खुले पड़े हैं और कई स्थानों पर तार अस्त-व्यस्त हालत में लटके हुए हैं। इस संबंध में पूर्व में भी समाजसेवकों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन किए थे, लेकिन समस्या जस की तस बनी रही।

आंदोलन स्थल पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। इनमें विधायक संदीप क्षीरसागर, पूर्व विधायक सैय्यद सलीम, दैनिक सिटीजन के संपादक शेख मुजीब, लोकपत्रकार भागवत तावरे, नगरसेवक महेश धांडे, शेख खाजाभाई सहित अन्य लोग शामिल थे।

स्थानीय पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई न किए जाने पर कुछ जनप्रतिनिधि जिला पुलिस अधीक्षक नवनीत कांवत से भी मिले। अंततः दोपहर में विधायक विजय सिंह पंडित के हस्तक्षेप और डीवाईएसपी पूजा पवार से चर्चा के बाद मामला दर्ज करने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद आंदोलनकारियों ने अपना आंदोलन वापस लिया और परिजनों ने शव अपने कब्जे में लिया।

----------

**अल्पसंख्यक वर्ग के सर्वांगीण...**

सुनेत्रा पवार ने बताया कि मौलाना आज़ाद कॉर्पोरेशन के शैक्षणिक ऋण की सीमा ५ लाख रुपये से बढ़ाकर २० लाख रुपये कर दी गई है और यह सुनिश्चित किया जाए कि इसका लाभ वास्तविक पात्रों को ही मिले। इसी प्रकार राज्य की 'डॉ. जाकिर हुसैन मदरसा मॉडर्नाइजेशन योजना' के अंतर्गत मूलभूत सुविधाओं के लिए सहायता राशि २ लाख से बढ़ाकर १० लाख रुपये कर दी गई है तथा पात्र संस्थानों के चयन में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए।

अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के लिए निर्माणाधीन छात्रावासों को शीघ्र पूर्ण कर कार्यरत किया जाए। अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों की विकास योजनाओं के लिए जारी निधि का न्यायसंगत वितरण हो तथा कार्यों की गुणवत्ता उच्च स्तर की रहे, इसकी जिम्मेदारी विभाग पर होगी। नांदेड़, सोलापुर और मालेगांव में स्थापित उर्दू घर कार्यरत हो चुके हैं और अन्य प्रस्तावित उर्दू घरों के कार्य भी निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग में रिक्त पदों के कारण प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए वक्फ बोर्ड की १७९ स्वीकृत पदों में से ९६, वक्फ ट्रिब्यूनल की ३४ में से २५ तथा हज समिति की १३ में से १० रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए। इस अवसर पर उन्होंने संभाजीनगर के मंडल आयुक्त से दूरभाष पर संपर्क कर आवश्यक निर्देश भी दिए।

छत्रपति संभाजीनगर में नवस्थापित अल्पसंख्यक आयुक्तालय को आवश्यक अधिकारी व कर्मचारी उपलब्ध कराकर सुदृढ़ करने का भी निर्देश दिया गया। बार्टी और सारथी की तर्ज पर स्थापित 'मार्टी' (चठढख) के कार्यों की नियमित समीक्षा कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

अल्पसंख्यक समुदाय में बेरोजगारी की दर को ध्यान में रखते हुए युवाओं के लिए व्यापक स्तर पर कौशल विकास कार्यक्रम लागू किए जाएं, ताकि उन्हें रोजगार के योग्य बनाया जा सके।

खारघर, नवी मुंबई में प्रस्तावित 'श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी ३५०वां शहीदी समागम' के आयोजन से संबंधित सभी प्रशासनिक प्रक्रियाएं शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।

---------

**'टीपू' को लेकर राज्यभर में ...**

कार्यालय पर पथराव किया, जिसमें कुछ कार्यकर्ता घायल हो गए और कई वाहनों को नुकसान पहुंचा।

इस घटना के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता फरासखाना पुलिस स्टेशन पहुंचे और पुणे भाजपा शहराध्यक्ष धीरज घाटे तथा महापौर मंजुषा नागपुरे सहित संबंधित लोगों पर मामला दर्ज करने की मांग की।

बयान से बढ़ा विवाद

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा था कि टीपू सुल्तान छत्रपति शिवाजी महाराज के समकक्ष योद्धा थे। इस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इसे अत्यधिक तुष्टीकरण करार दिया और सपकाल से माफी की मांग की। इसके बाद भाजपा ने राज्यभर में आंदोलन शुरू कर उनका विरोध किया।

मुंबई, ठाणे, सोलापुर, कोल्हापुर और सातारा सहित कई स्थानों पर भी विरोध प्रदर्शन हुए, जिससे माहौल तनावपूर्ण बना रहा।

इस बीच ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत ने भी टिप्पणी करते हुए कहा कि टीपू सुल्तान को पाकिस्तान महानायक मानता है और उसके साथ क्रिकेट मैच खेला जा रहा है, इस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस अपनी भूमिका स्पष्ट करें।

फडणवीस राज्य में दंगे भड़काना चाहते हैं - सपकाल

हर्षवर्धन सपकाल ने आरोप लगाया कि उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस राज्य में दंगे भड़काना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पुणे में भाजपा के गुंडे कांग्रेस कार्यालय पर चढ़ आए और पुलिस की मौजूदगी में पथराव किया। इसमें महिला कार्यकर्ताओं और महिला पत्रकारों पर भी हमला हुआ। हम इस गुंडागर्दी की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं।

असदुद्दीन ओवैसी की भी फडणवीस पर टिप्पणी

एआईएमआईएम प्रमुख सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भी हैदराबाद में इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, टीपू सुल्तान अंग्रेजों से लड़ते हुए शहीद हुए थे। उन्होंने वीर सावरकर की तरह अंग्रेजों को प्रेमपत्र नहीं लिखे थे। सावरकर माफी मांग रहे थे और अंग्रेज जो कहेंगे, वह करने का आश्वासन दे रहे थे। टीपू सुल्तान ने तलवार उठाकर देश को आजाद कराने के लिए संघर्ष किया।

ओवैसी ने यह भी प्रश्न किया कि क्या यह सत्य नहीं है कि टीपू सुल्तान की अंगूठी पर 'राम' लिखा हुआ था?

---------

**बीड जिले के युवा बिल्डर्स पनवेल...**

कहा कि बीड जिले के हिंदू-मुस्लिम युवाओं द्वारा स्थापित यह फर्म सांप्रदायिक सौहार्द और एकता की मिसाल है, जो राज्य के युवाओं को नया उत्साह देगी। उन्होंने कहा कि बीड का अर्थ भी पानी है और पनवेल का अर्थ भी पानी है, और यह मिलन महज़ संयोग नहीं बल्कि मोहब्बत के मीठे दरिया की ओर एक कदम है।

इस कार्यक्रम में कस्टम कमिश्नर शेख सलमान (खठड), ठाणे के पुलिस अधीक्षक शिवराज सर, जीएसटी की डिप्टी कमिश्नर नेहा निकम, मुंबई के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सैयद लईक विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इसके अलावा अतुल सेठ घर्ट, विशाल बड़े (कॉरपोरेटर मुंबई), निदेशक नूरुल इस्लाम, जमील भाई, अज़ान काज़ी, जावेद इकबाल, काज़ी तक़ीउद्दीन, कमर नाज़, वकार क़ादरी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय बिल्डर्स और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

--------

**जबलपुर स्टेशन पर 'श्री विद्या...**

लगाकर आत्मीय सम्मान किया।

यात्रा की विशिष्टताए यह है

३८०० किलोमीटर का सफर विशेष तीर्थयात्री ट्रेन (एफ.टी.आर.) कुल ३८०० किलोमीटर की विशाल दूरी तय कर रही है, जो अपने आप में एक कीर्तिमान है।

१००८ यात्रियों का जत्था: इस यात्रा में देश भर से १००८ श्रद्धालु सम्मिलित हैं, जिनमें बड़ी संख्या में प्रतिमाधारी श्रावक और वृद्धजन शामिल हैं।निःस्वार्थ सेवा मे यह संपूर्ण यात्रा एक गुरुभक्त श्रावक श्रेष्ठी परिवार द्वारा गुप्त दान स्वरूप प्रायोजित है। यात्रियों की सुविधा हेतु फाउंडेशन के कार्यकर्ता सामान प्रबंधन से लेकर चिकित्सा सहायता तक हर मोर्चे पर मुस्तैद हैं।

विद्या समय संस्कार सेवा फाउंडेशन का यह प्रयास जैन समाज की एकता और सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।

--------

दैनिक भारत की तामीर अखबार के मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक काजी मखदूम शफीउद्दीन ने आरएम प्रिंटर्स, बार्शी रोड, बीड 431122 महाराष्ट्र में मुद्रित कर के दैनिक तामीर, नगर परिषद परिसर, बशीर गंज, बीड, महाराष्ट्र कार्यालय से प्रकाशित किया है। मोबाइल : 9270574444 ईमेल : hinditameer@gmail.com वेबसाइट : www.dailytameer.com

daily Bharat ki tameer newspaper owner printer publisher editor Quazi makhdoom shafiuddin has printed at RM printers barshi road beed 431122 Maharash-tra at published at office daily tameer nagar parishad complex Bashir gunj beed Maharashtra. Mobile : 9270574444 Email : hinditameer@gmail.com Website : www.dailytameer.com